वाहन ऋण के लिए हिन्दुस्तान मोटर्स का इंडसइंड बैंक के साथ करार

कोलकाता। एबेंसेडर कार बनाने वाली कंपनी हिन्दुस्तान मोटर्स लिमिटेड (एचएमएल) ने ग्राहकों को सस्ता वाहन ऋण उपलब्ध कराने के लिए निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक के साथ करार किया है। कंपनी सूत्रों ने प्रबंध निदेशक उत्तम बोस के हवाले से बताया कि इस करार के तहत एचएमएल के वाहनों की खरीद के लिए बैंक की ओर से प्रतिस्पर्द्धी ब्याज दरों पर सस्ते ऋण उपलब्ध कराए जाएंगे। यह सेवा मुख्य रूप से ग्रामीण और अर्द्धशहरी इलाकों में उपलब्ध करायी जाएगी। इसके लिए इंडसइंड बैंक एचएमएल के डीलरों के साथ संपर्क बनाएगा और इनके जरिए वाहन खरीदने वालों को उसी समय ऋण सुविधा दी जाएगी। वाहन ऋण की यह सुविधा इंडसइंड बैंक के देशभर में स्थित २५४ शाखाओं में उपलब्धि होगी। बैंक और एचएमएल के बीच करार पर एचएमएल के मुख्य वित्त अधिकारी देब्यांशू चटर्जी और इंडसइंड बैंक के सीनीयिर वाइस प्रेसिडेंट, कंज्यूमर, टीए राजगोपालन ने कल कोलकाता में हस्ताक्षर किए।

Janpath Samachar, March 29, 2013